# दूषित पानी पर सख्ती, टास्क फोर्स गठित

## शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी : महापौर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 जनवरी, शहर में जल प्रदाय व्यवस्था एवं सीवरेज को लेकर नगर पालिक निगम रीवा के महापौर अजय मिश्रा बाबा ने शहर में वर्तमान जल आपूर्ति की स्थिति, वितरण व्यवस्था, पेयजल से जुड़ी चुनौतियों एवं उन्हें सुधारने हेतु नगर निगम द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी.**



उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए स्पष्ट किया कि शहर के हर वार्ड में स्वच्छ और निर्बाध जल आपूर्ति निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है. रीवा में गंदे पानी की समस्या को लेकर उन्होंने कहा कि नगर निगम की टीम पूरी तरह सतर्क है. जल प्रदाय की टास्क फोर्स का गठन किया गया है, जो दूषित पानी से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण करेगी. महापौर ने बताया कि इंदौर में दूषित पानी की आपूर्ति के कारण लगभग 200 लोग अस्पताल में भर्ती हुए तथा 14 लोगों की मृत्यु होना अत्यंत दुखद है. उक्त घटना को दृष्टिगत रखते हुए रीवा नगर निगम पूरी तरह सजग है. उन्होंने कहा कि वैसे तो नगर निगम द्वारा पूर्व से ही एहतियाती व्यवस्थाएँ की गई थीं, परंतु इंदौर की घटना के पश्चात निगरानी को और अधिक सुदृढ़ किया गया है. इसके लिए जल प्रदाय परियोजनाओं की निरंतर समीक्षा की जा रही है तथा आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं. जलकर वसूली में कार्यरत 15 कर्मचारियों को अतिरिक्त दायित्व सौंपे गए हैं.

### 50 करोड़ की मांग

महापौर ने बताया कि योजनाएं प्राय: उपलब्ध फंड के अनुरूप बनाई जाती हैं, जबकि आवश्यकता के अनुसार योजना हेतु फंड की जरूरत होती है. इस बार शहर को निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु संपूर्ण नगर क्षेत्र को कवर करते हुए विस्तृत योजना बनाई गई है, जिसकी कुल लागत 162 करोड़ रुपये है. उक्त योजना का कार्य प्रगतिरत है एवं इसे मार्च 2026 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है. साथ ही, बिना वित्तीय बाधा के समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने हेतु 50 करोड़ की मांग शासन को प्रेषित की है. महापौर ने बताया कि नगर में 58 एमएलडी जल उत्पादन क्षमता के माध्यम से जल आपूर्ति की जा रही है.

# शटर तोड़कर लाखों के जेवर व नकदी चोरी

**सिंगरौली 5 जनवरी.** जिले के माड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोयल खूथ गांव में बीते रविवार की रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए एक ज्वेलरी शॉप को निशाना बनाया. मेन रोड पर स्थित दुकान का शटर तोड़कर चोर अंदर घुसे और सोने-चांदी के जेवरात से भरी आलमारी तथा नकदी से भरा गुल्लक उठाकर फरार हो गए. घटना की जानकारी सुबह उस समय सामने आई, जब ग्रामीणों ने खेत में टूटी हुई आलमारी और दुकान से जुड़ा सामान बिखरा हुआ देखा. इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल दुकान संचालक और पुलिस को सूचना दी. चोरी ललित प्रसाद सोनी की मेन रोड स्थित ज्वेलरी शॉप में हुई है. प्रारंभिक आंकलन के अनुसार चोर एक लाख रुपये से अधिक मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी ले गए हैं.

# जंगल से 30 लाख के जेवर, एक लाख जप्त

### धर्मशाला में लिखी थी डकैती की पटकथा, दो गिरफ्तार

**जबलपुर,5 जनवरी. पनागर थाना अंतर्गत सोनिया ज्वेलर्स के पीछे गली जयप्रकाश वार्ड पनागर कमानिया गेट के पास 16 दिसम्बर की रात्रि सोने चांदी के जेवरों से भरे थैले लूट कर भागे डकैतों में से दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड लिया.**



पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने जबलपुर में आकर एक धर्मशाला में ठहरकर डकैती की पटकथा लिखी थी. आरोपियों के कब्जे से सोने चांदी के जेवर कीमती लगभग 30 लाख रूपये के घटना में प्रयुक्त 2 दुपहिया वाहन एवं 1 मोबाईल जप्त किया गया है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अपराध) जितेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रयागराज में दबिश देते हुये आरोपी दीपक त्रिपाठी, नागपुर में दबिश देते हुये गोविन्द पाण्डे उर्फ कान्हा को पकडा जाकर थाना पनागर लाया गया. दोनों से पूछताछ करने पर दोनों के द्वारा लगातार गुमराह करने का प्रयास किया गया सघन पूछताछ करने पर दोनो ने वीरेन्द्र यादव का फरारी के दौरान जबलपुर में भेड़ाघाट स्थित धर्मशाला में आकर रूकना एवं भूरा ज्वेलर्स की रैकी करने की बात बताये. वीरेन्द्र यादव द्वारा रैकी कर सूचना देने पर वीरेन्द्र द्वारा ही चुराई हुई तीन मोटर साईकिल से 14 दिसंबर को प्रतापगढ से रवाना होकर पनागर आकर लूट की योजना बनाना किन्तु डायल 112 पुलिस के मौके पर आ जाने के कारण लूट की घटना को अंजाम न देने की बात बताये . दूसरे दिन 16 दिसम्बर की शाम को पुन: सभी 06 आरोपियों के द्वारा भूरा सोनी एवं उसके लड़के कान्हा सोनी के साथ तीन थैलों मे भरे सोने चांदी के जेबरात लूटकर ले जाना बताये है.

# पथराव में पार्षद के भाईयों पर केस दर्ज

**जबलपुर, 5 जनवरी. घमापुर थाना चुंगी चौकी में कल देर रात हुई बमबाजी-पथराव मामले में पुलिस ने पार्षद के भाईयों समेत अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है.**




पुलिस ने बताया कि नीलम थदानी 27 वर्ष निवासी भगवान टेंट हाउस चुंगी चौकी घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका भाई जय थदानी दुकान बंद कर रहा था, उसी समय हर्ष ठाकुर, यश ठाकुर उसके भाई को रोड में गाली गलोज करते हुये निकले, उसके भाई ने गाली देने से मना किया तो यश ठाकुर, हर्ष ठाकुर, भैया लाल ठाकुर, छोटू ठाकुर गाली गलौज करते हुये बोले कि आज बच न पाये तभी यश ठाकुर ने पत्थर से मारा जो उसकी छोटी बहन जेसमीन थदानी को लगा, सभी लोग ईंट पत्थर मारने लगे, यश ठाकुर ने बम फैंका जो उसकी दुकान के सामने गिर कर फूट गया अन्य सभी लोगों ने पत्थरबाजी की जिससे घर की खिड़की एवं दरवाजे के कांच टूट गये, उसके पिता महेश थदानी आये तो उनके साथ भी झूमाझपटी किये, मां पूनम थदानी, भाई जय थदानी ने उन लोगों को भगाने के लिये उपर से पानी फेंके. पुलिस ने रिपोर्ट पर विस्फोटक पदार्थ अधिनियम समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है.

# सीबीआई से हाईकोर्ट ने मांगी स्टेट्स रिपोर्ट

**जबलपुर, 5 जनवरी.** अधीनस्थ अदालत से जमानत अर्जी निरस्त होने के बाद रिश्वत लेने के आरोपी केंद्रीय जीएसटी असिस्टेंट कमिश्नर विवेक वर्मा ने हाईकोर्ट की शरण ली है. मामले पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद हाईकोर्ट के जस्टिस बीपी शर्मा की एकलपीठ ने सीबीआई को मामले की स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये हैं. मामले पर अगली सुनवाई 12 जनवरी को होगी. उल्लेखनीय है कि जबलपुर निवासी होटल कारोबारी विवेक त्रिपाठी के विरुद्ध सीजीएसटी ने एक करोड़ रूपये की रिकवरी नोटिस जारी किया था.

# चाइना डोर से कटा गला, 2 घंटे चला युवक का ऑपरेशन

**उज्जैन, 5 जनवरी. घातक चाइना डोर से पतंगबाजी करने वाले नहीं मान रहे है. एक बार फिर चाइना डोर का शिकार पंडिताई करने वाला युवक हो गया. उसे खून से लथपथ हालत में 2 युवक अस्पताल लेकर पहुंचे. चरक में युवक को एक दर्जन से अधिक टांके लगाये गये. हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने रैफर किया गया है.**



जयसिंहपुरा क्षेत्र में किराये से रहने वाला विनय पिता घनश्याम तिवारी 22 साल मूलरूप से जीरापुर का रहने वाला है. उज्जैन में रहकर वह पंडिताई का काम कर रहा है. शाम 5.30 बजे के लगभग जयसिंहपुरा घर से बाइक पर सवार होकर निकला था. कुछ दूरी पर लालपुल के पास आते ही चाइना डोर गले में उलझ गई, वह संभल पाता उससे पहले गला कटते ही बाइक से गिर पड़ा. वहां मौजूद 2 युवक अर्जुन माली निवासी जयसिंहपुरा और गोलू माली निवासी प्रेमनगर ने उसे गिरते देखा तो दौडक़र उठाया, लेकिन विनय लहूलुहान हो चुका था. उसके गले में चाइना डोर फंसी थी.

दोनों उसे चरक अस्पताल लेकर पहुंचे. जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उपचार के लिये ऑपरेशन थियेटर में भेजा. जहां डॉ. अंशु वर्मा ने टांके लगाये और फंसी डोर को काट कर निकाला. लेकिन खून अधिक बहने पर हालत गंभीर बनी हुई थी. जिसे तत्काल रैफर किया गया. साथ में पंडिताई करने वाला दोस्त उसे उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर गया है. बता दें दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में प्रतिबंध लगने के बाद से अब तक आधा दर्जन लोगों के साथ प्रतिबंधित डोर से घटना होना सामने आ चुका है.

### एक नजर में

## एनएसयूआई का प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन



**इंदौर, 5 जनवरी.** राष्ट्रीय छात्र संघ इंडिया (एनएसयूआई) ने सोमवार को इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में कथित रूप से प्रदूषित और गंदे पेयजल की आपूर्ति से हुई मौतों के विरोध में प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया. इस प्रदर्शन का नेतृत्व एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने किया. प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव के चित्र वाले बैनर पर प्रतीकात्मक रूप से गोबर लगाया. एनएसयूआई ने स्पष्ट किया कि यह कदम किसी व्यक्ति विशेष के अपमान के उद्देश्य से नहीं उठाया गया, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था और प्रशासनिक सोच को स्वच्छ करने के प्रतीक के रूप में था, जो उनके अनुसार स्वयं प्रदूषित हो चुकी है. सभा को संबोधित करते हुए चौकसे ने कहा कि नागरिकों को प्रदूषित पानी की आपूर्ति एक गंभीर मुद्दा है, जिस पर समय रहते प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया. उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में जवाबदेही तय करना और व्यवस्था में सुधार करना अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने आरोप लगाया कि जब गंदे पानी के कारण लोग अपनी जान गंवा रहे हैं, तब भाजपा के एक वरिष्ठ मंत्री का सवालों से बचना और पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार सत्ता की संवेदनहीनता को दर्शाता है. एनएसयूआई ने कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफे की मांग की है.

## सावित्री ठाकुर ने किए महाकालेश्वर के दर्शन



**उज्जैन, 5 जनवरी.** सावित्री ठाकुर, राज्य मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी की संध्या कालीन आरती में सम्मिलित होकर दर्शन लाभ लिए. श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से मंत्री सावित्री ठाकुर का स्वागत एवं सत्कार किया गया.

# महाआर्यमन रोडशो के दौरान चोटिल, सीना कार से टकराया

### सीने में दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में सीटी स्कैन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर. केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पुत्र और मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष महाआर्यमन सिंधिया शिवपुरी में कार की सनरूफ से टकरा गए. कुछ समय बाद सीने में दर्द होने लगा. उन्हें शिवपुरी जिला अस्पताल लाया गया.**

अस्पताल में डॉक्टरों ने सीटी स्कैन सहित कई जांचें कीं. करीब 40 मिनट तक निगरानी में रखा. हालत स्थिर रहने के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है. महाआर्यमन के अस्पताल पहुंचने की खबर फैलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं और सिंधिया समर्थकों की भीड़ लग गई. सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात करना पड़ा. महाआर्यमन सिंधिया दो दिवसीय शिवपुरी दौरे के दूसरे दिन सोमवार को कोलारस विधानसभा में युवा सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे थे. इसी दौरान वे कॉलेज ग्राउंड में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता देखने पहुंचे.यहां वे कार के सनरूफ से बाहर निकलकर समर्थकों का अभिवादन कर रहे थे. इसी दौरान कार चला रहे बीजेपी नेता लवलेश जैन उर्फ 'चीनू' ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे आर्यमन का सीना सनरूफ से टकरा गया.

# 300 क्विंटल गेहूं व 3 पिकअप सहित 50 लाख का मश्रूका जब्त

**मंदसौर.** थाना दलौदा पुलिस ने ग्राम धुंधड़का स्थित कृषक वेयरहाउस में हुई बड़ी चोरी का पर्दाफाश करते हुए 300 क्विंटल से अधिक गेहूं, चोरी में प्रयुक्त 3 पिकअप वाहन सहित लगभग 50 लाख रुपये का मश्रूका जप्त किया है. पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जांच में सामने आया कि मास्टरमाइंड आरोपी ने वेयरहाउस के मैनेजर, गेहूं मालिक के मुनीम व चौकीदार को साथ लेकर डुप्लीकेट चाबियां बनवाईं और सीसीटीवी कैमरे बंद कर योजनाबद्ध तरीके से चोरी को अंजाम दिया. रिपोर्ट फरियादी संजय गर्ग द्वारा दर्ज कराई गई थी.

# एयरपोर्ट पर अव्यवस्थाएं फिर हुई उजागर

### लगातार दूसरे दिन मेडिकल इमरजेंसी करवाई

**इंदौर, 5 जनवरी. देवी अहिल्याबाई होलकर विमानतल पर सोमवार को एक ओर जहां लगातार दूसरे दिन मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति बनी, वहीं दूसरी ओर यात्री सुविधाओं की कमी को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हुए हैं.**




एक ही दिन में सामने आई इन घटनाओं ने एयरपोर्ट प्रबंधन की व्यवस्थाओं पर सवालिया निशान लगा दिए हैं. सोमवार दोपहर इंदौर से दिल्ली जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट से यात्रा करने पहुंची 66 वर्षीय महिला यात्री की एयरपोर्ट पर अचानक तबीयत बिगड़ गई. चेक इन के बाद वह सिक्योरिटी होल्ड एरिया में थीं, तभी बोर्डिंग से कुछ समय पहले वे बेहोश होकर गिर पड़ीं. सूचना मिलते ही एयरपोर्ट प्रशासन ने मेडिकल इमरजेंसी घोषित की. मौके पर पहुंची मेडिकल टीम ने जांच की, जिसमें महिला की ब्लड शुगर का स्तर काफी कम पाया गया. गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें एयरपोर्ट एंबुलेंस से नजदीकी अस्पताल भेजा. अस्पताल सूत्रों के अनुसार महिला पंजाब के बरनाला की रहने वाली हैं.

उपचार के बाद उन्हें होश आया है, हालांकि एहतियातन भर्ती रखा है. डॉक्टरों ने बताया कि उनका डायरिया का इलाज चल रहा है और फिलहाल हालत में सुधार है. इधर, एयरपोर्ट पर यात्री सुविधाओं को लेकर भी नाराजगी सामने आई है. वेटिंग एरिया में पर्याप्त कुर्सियां नहीं होने और मोबाइल चार्जिंग पॉइंट्स के खराब रहने को लेकर यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है. इंदौर से यात्रा कर रहे एक यात्री ने एक्स पर शिकायत करते हुए लिखा कि यात्री सुविधाओं के मामले में इंदौर एयरपोर्ट बेहद खराब स्थिति में है.

# न्याय का मकसद पूरा करने हो शक्ति का इस्तेमाल

### हाईकोर्ट ने सजा निरस्त करने की अपील की खारिज

**जबलपुर, 5 जनवरी. आपसी समझौता का आवेदन ट्रायल कोर्ट द्वारा निरस्त किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर की थी.**

हाईकोर्ट जस्टिस बी पी शर्मा की एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि कानून के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल बहुत सावधानी किया जाना चाहिये. जिससे कोर्ट प्रोसेस का गलत इस्तेमाल नहीं किया जा सके और न्याय का मकसद पूरा हो सके. अपराधों की प्रकृति और गंभीरता से समाज पर पडने वाले गंभीर असर को देखते हुए अपील को खारिज किया जाता है. इंदौर निवासी रोशन खातरकर की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि *भोपाल* के मिसरौद थाने में शिकायतकर्ता शाहरूख खान ने उसके तथा सह अभियुक्त के खिलाफ पिस्टल की नोंक पर कार व मोबाइल लूटने की शिकायत दर्ज करवाई थी. दोनों पक्षो में पहले ही विवाद सुलझ गया है और उन्होने धारा 320(2) के तहत ट्रायल कोर्ट में आपसी समझौते के लिए आवेदन दिया था. ट्रायल कोर्ट ने अपराध कंपाउंडेबल नहीं होने के आधार पर आवेदन को खारिज कर दिया था. एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि हाई कोर्ट की अंदरूनी शक्तियां बहुत बड़ी हैं. उनका मकसद न्याय का सही प्रशासन कायम रखना है. न्याय में होने वाली गलतियों को ठीक करना है. कोई अपराध कंपाउंडेबल नहीं है.

### सरकारी वकीलों की नियुक्तियों को हाईकोर्ट में चुनौती

**जबलपुर.** मप्र हाईकोर्ट में महाधिवक्ता कार्यालय में सरकारी वकीलों की नियुक्तियों को नियम विरुद्ध बताते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर कर की गई है. मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव योगेश सोनी ओर से यह मामला दायर किया गया है. जिन्होंने बताया कि महाधिवक्ता कार्यालय में कुल 157 लॉ ऑफिसर्स की नियुक्ति को लेकर 25 दिसंबर को सूची जारी की गई है. उन्होंने याचिका में आरोप लगाया गया है कि नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह मनमानी और पक्षपातपूर्ण है. सूची में पारदर्शिता का अभाव है.

# दलित नेता मकरंद बौद्ध को जेल भेजा

**ग्वालियर, 5 जनवरी.** अंबेडकर फोटो विवाद से जुड़े मामले में एडवोकेट अनिल मिश्रा पर क्राइम ब्रांच में दर्ज एफआईआर के फरियादी दलित नेता मकरंद बौद्ध को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. गिरफ्तारी उस वक्त हुई जब वह इसी केस के सिलसिले में विश्वविद्यालय थाने पहुंचा था. फरियादी के खिलाफ वर्ष 2016-17 में धरना प्रदर्शन के दौरान आईपीसी की धारा 188 के तहत गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था. पुलिस ने गिरफ्तारी वारंट की तामील के लिये उसे न्यायालय में पेश किया गया. जहां से अदालत ने उसका जेल वारंट जारी कर दिया. दलित नेता के जेल जाने के बाद अब अंबेडकर फोटो विवाद में दोनों पक्ष बराबर हो गये है.

# डॉक्टर हत्याकांड में 7 गिरफ्तार


**जबलपुर, 5 जनवरी. भेड़ाघाट थाना अंतर्गत सहजपुर ओवर ब्रिज के नीचे शनिवार को दिनदहाड़े डॉक्टर अभिषेक उर्फ महेंद्र साहू 27 वर्षीय निवासी पाटन भुवारा को स्कार्पियों से बाहर निकालकर सरेराह चाकुओं से एक दर्जन वार कर हत्या करने वाले सात कातिलों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.**

हत्या मामूली झगड़े को लेकर हुई. पुलिस गिरफ्त में आए आरोपियों में नकुल कोल पिता प्रमोद कोल 19 वर्ष निवासी सहजपुर, नितिन उर्फ ग्ज्जू बर्मन पिता देवी बर्मन 20 वर्ष निवासी शहपुरा, दुर्गेश बर्मन पिता शंकर बर्मन 32 वर्ष निवासी शहपुरा, दीपक बर्मन पिता स्व. मंगल बर्मन 20 वर्ष निवासी शहपुरा, सौरभ ठाकुर उर्फ कालू पिता पवन ठाकुर 19 वर्ष निवासी भेडाघाट, अनिकेत उर्फ नंदी कोल पिता विनोद कोल 23 वर्ष निवासी सहजपुर थाना भेडाघाट, एक 16 वर्षिय विधि विवादित बालक शामिल हैं. पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि महेन्द्र उर्फ अभिषेक साहू का विवाद तीन जनवरी को सौरभ ठाकुर उर्फ गोलू से हो गया था. जिस पर उनके द्वारा दो गाडी दो पहिया बिना नम्बर की पल्सर एवं हीरो डिलक्स क्र. एमपी 20 एनई 9469 से तीन तीन व्यक्ति सवार होकर सहजपुर ब्रिज के पास सर्विस रोड पहुँचे जहॉ महेन्द्र उर्फ अभिषेक साहू की नकुल कोल व नितिन उर्फ गज्जू बर्मन के द्वारा चाकुओ से हमला कर हत्या कर दी गई.

### संवाद — भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. सिंह ने दतिया और ग्वालियर ग्रामीण में कार्यकर्ताओं की बैठक ली

# भाजपा राष्ट्र निर्माण का वैचारिक आंदोलन

**दतिया/ग्वालियर 05, जनवरी. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने सोमवार को दतिया जिले की दतिया, भाण्डेर, सेवढ़ा और ग्वालियर ग्रामीण जिले की डबरा, भितरवार, डबरा एवं ग्वालियर ग्रामीण विधानसभाओं में कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक को संबोधित किया.**



उन्होंने कहा कि भाजपा केवल सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का वैचारिक और सामाजिक आंदोलन है. प्रत्येक कार्यकर्ता को भाजपा की विचारधारा का संवाहक बनकर सरकार की योजनाओं और राष्ट्रहित के संकल्प को जनता तक पहुँचाना होगा. उन्होंने जोर दिया कि मजबूत बूथ ही मजबूत संगठन और चुनावी विजय की नींव है. डॉ. महेन्द्र सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया. उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं और समाज और सरकार के बीच सेतु का काम करें. उन्होंने संगठनात्मक अनुशासन, आपसी समन्वय और नियमित संपर्क के महत्व पर बल दिया. युवाओं, महिलाओं और नए सामाजिक वर्गों को संगठन से जोड़ने तथा सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म का सकारात्मक उपयोग करने की आवश्यकता भी रेखांकित की.

दतिया बैठक में संभाग प्रभारी अभय यादव, सांसद संध्या राय, जिलाध्यक्ष रघुवीर कुशवाहा, विधायक प्रदीप अग्रवाल सहित वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे. ग्वालियर ग्रामीण की बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष निशांत खरे, जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत, विधायक मोहन सिंह राठौड़ एवं पूर्व मंत्री इमरती देवी सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए.

# जनसंवाद से समाधान तक सांसद सावित्री ठाकुर की सक्रिय पहल

**धार,5 जनवरी.** लोकसभा क्षेत्र धार-महू की सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री महिला एवं बाल विकास सावित्री ठाकुर द्वारा समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु सोमवार को जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम दो सत्रों में संपन्न हुआ, जिसमें दूर-दूर से आए कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ शरद विजयवर्गीय विशेष रूप से उपस्थित रहे. कार्यक्रम के प्रथम सत्र में प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जिला कार्यालय धार में संवाद किया.

# स्लीपर बस से अफीम व 2 .5 लाख नकद बरामद

### सीबीएन कार्यवाही में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नीमच, 5 जनवरी. मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध सतत और प्रभावी कार्रवाई के क्रम में केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन), नीमच ने 03 जनवरी 2026 की रात एक बड़ी सफलता हासिल की.**




इस कार्रवाई में निजी स्लीपर बस के माध्यम से जोधपुर जा रही 14.815 किलोग्राम अवैध अफीम और 2.5 लाख नकद बरामद किए गए. इस प्रकरण में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है.

विश्वसनीय सूचना के आधार पर सीबीएन नीमच की विशेष टीम ने नयागांव टोल प्लाजा पर रात्रि में रणनीतिक नाकाबंदी की. नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध बस को रोका गया और गहन तलाशी ली गई. बस के चालक एवं परिचालक द्वारा छुपाई गई प्लास्टिक की थैली में पीले रंग के सेलो टेप से लिपटे पैकेट मिले. पैकेट खोलने पर हीट-सील्ड प्लास्टिक पैकेट्स में कुल 14.815 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद हुई. इसके अतिरिक्त, बस के स्टीयरिंग के पास 2.5 लाख नकद राशि भी जब्त की गई, जिसे अवैध मादक पदार्थ तस्करी से अर्जित धन माना गया. सीबीएन ने बस के चालक और परिचालक को हिरासत में लिया और बरामद अफीम, नकद राशि तथा कल्पना ट्रैवल्स की स्लीपर बस को जब्त कर लिया. दोनों आरोपियों पर नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है.